डॉ. के. श्रीनिवासराव
सचिव
Dr. K. Sreenivasarao
Secretary

साहित्य अकादेमी
(राष्ट्रीय साहित्य संस्थान)
संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार की स्वायत्तशासी संस्था
Sahitya Akademi
(National Academy of Letters)
An Autonomous Organisation of Government of India, Ministry of Culture

प्रेस विज्ञप्ति

साहित्य अकादेमी द्वारा प्रवासी मंच कार्यक्रम का आयोजन

अनुराग शर्मा ने प्रस्तुत कीं अपनी रचनाएँ

नई दिल्ली। 29 दिसंबर 2023; पिट्सबर्ग, अमेरिका से पधारे लेखक अनुराग शर्मा ने आज 'प्रवासी मंच' के अंतर्गत अपनी रचनाएँ प्रस्तुत कीं। अमेरिका से जून 2016 से प्रकाशित हो रही ऑनलाइन मासिक पत्रिका *सेतु* के संस्थापक एवं संपादक अनुराग शर्मा ने सर्वप्रथम अपने अप्रकाशित उपन्यास का एक अंश प्रस्तुत किया, जो एक मरे हुए व्यक्ति का आत्मसंस्मरण था, जो कि अतीत को इस तरह देख रहा है, मानो ज़िंदा रहते हुए भी वह ज़िंदा नहीं था। अर्थात् वह अपने रोज़मर्रा के जीवन को इस तरीक़े से बिता रहा था कि उसमें जीवन का कोई अंश ही नहीं था। इसके बाद उन्होंने 'गंधहीन' शीर्षक से कहानी प्रस्तुत की, जिसमें विदेशों में रह रहे एक भारतीय परिवार के बिखरते रिश्तों को दर्शाया गया था, जो कि वहाँ के जन–जीवन में रच–बस गया था कि भारतीय होने के ज़रा से भी प्रयास को अनदेखा ही नहीं बल्कि उपहास का प्रतीक बना रहा था। उनकी प्रस्तुत की गई अंग्रेज़ी कहानी एक ऐसी लड़की की कहानी थी जो विदेश से वापस भारत नहीं आना चाहती है और वहाँ के दुख भरे जीवन को अपनाने को तैयार है।

अनुराग शर्मा के रचना–पाठ के बाद उपस्थित श्रोताओं से उनसे *सेतु* पत्रिका अमेरिका में हिंदी लेखन/प्रकाशन की स्थिति आदि के बारे में कई सवाल पूछे, जिनके जवाब में उन्होंने बताया कि वहाँ हिंदी किताबें पाने के लिए मुश्किल होती है। भारत से जब कोई आता–जाता है तभी किताबें मँगवा पाना संभव होता है जिसे हम आपस में बाँटकर पढ़ते हैं। कार्यक्रम का संचालन अकादेमी के संपादक (हिंदी) अनुपम तिवारी ने किया।

–के. श्रीनिवासराव

रवींद्र भवन, 35 फ़ीरोज़शाह मार्ग, नई दिल्ली-110 001, दूरभाष : +91-11-2338 7064, 2307 3002, फैक्स : +91-11-2338 2428
Rabindra Bhavan, 35 Ferozeshah Road, New Delhi-110 001, Phone: +91-11-2338 7064, 2307 3002, Fax +91-11-2338 2428
E-mail: secretary@sahitya-akademi.gov.in, Website: http//www.sahitya-akademi.gov.in